तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 30.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार, 16 जून 2024

4
कानून व्यवस्था बनाए रखने में सशक्त सूचना तंत्र की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण





## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार

**पाठ्यक्रम का नाम**

1. फायर टेक्नोलॉजी एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
2. बी.एस.सी. इन फायर सेफ्टी
3. पी.जी. कोर्स व्यावसायिक सेफ्टी, स्वास्थ्य व पर्यावरण मैनेजमेंट सिस्टम
4. हैल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
5. सब-फायर ऑफिसर
6. सर्टिफिकेट इन फायरमेन



(DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने का खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: - मो.- 76972-12782 **(1) पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर एवं मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर- 11, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़-490023**

Advt.

# 'रामदास' पिता का नाम ही नहीं परिवार और समाज सेवा की है पहचान

कहते हैं मां घर का आंगन तो पिता घर की छत हैं। लेकिन मुझे लगता है वो छत से कहीं आगे पूरे आकाश में फैली ओजोन परत सी रक्षक भूमिका में होते हैं। जिसका संघर्ष हमेशा हमने कम करके आंका और वो हमें हर आग से झुलसने से बचाते रहे। शायद इसीलिए खुदा ने मां के कदमों में जन्नत रख दी और जन्नत का दरवाजा पिता को बना दिया।







हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पिता ने जिंदगी दी, संस्कार दिए और इसी मार्ग पर चलकर बेटों ने मुकम्मल जहां बना लिया। हम बात कर रहे हैं ऐसे परिवार की जिनके पिता का नाम ही इनकी पहचान बन चुका है। नगर के स्थापित समाजसेवी सुनील रामदास, जिनके नाम में 'रामदास' उनके दिवंगत पिता का वो नाम है जो समाजसेवा की प्रदेश में एक विशिष्ट पहचान है।

दशकों पहले रामदास अग्रवाल ने व्यक्तिगत स्तर से समाजसेवा का जो काम शुरु किया उसे उनके पुत्रों सुनील, सुशील ने शिद्दत और सेवा भाव से आगे बढ़ाया। और इस समाजसेवा में पिता की छाया बनाने उनके नाम 'रामदास' को अंगीकार कर लिया। समय के साथ सुनील और सुशील के साथ पिता रामदास का नाम समाजसेवा की चिर परिचित पहचान बन गया। सुनील रामदास ने पिता के नाम की गरिमा और सामाजिक सरोकार को निरंतर निभाते हुए प्रकृति और समाज दोनों को जोड़ने का काम किया और रामदास द्रौपदी फाउंडेशन की नींव रखी। आज इस फाउंडेशन के बैनर तले ना केवल धरती का श्रृंगार करने का मिशन चल रहा है। बल्कि बच्चों से लेकर युवा और बुजुर्ग तक समाज का हर तबका विभिन्न सेवा कार्यों से लाभान्वित हो रहा है। पिता के सामाजिक सेवा कार्य और उनका नाम धारण करने का प्रतिफल यह हुआ है कि सुनील रामदास का नाम आज राष्ट्रीय स्तर पर एक अलग और प्रतिष्ठित पहचान रखता है और हर छोटे बडे. सामाजिक, व्यवसायिक एवं राजनैतिक मंच की जरुरत बन गया है। सुनील रामदास का कहना है कि आज भले ही पिता रामदास अग्रवाल शशरीर मौजूद नहीं है किंतु उनके पूरे परिवार को उनका प्रेरणा पुंज हमेशा दिशा और उज्जवल भविष्य की राह दिखाया रहेगा।

वहीं स्वयं भी पिता का दायित्व निभा रहे समाजसेवी सुनील रामदास का कहना है कि पिता की भूमिका समय, काल, परिस्थिति के अनुसार बदलती रही। पहले जो समाज, परंपराओं और मान्यताओं के बाद व्यक्तिगत जीवन में दखल दे पाता था। अब वह पहले से ज्यादा मजबूत और स्वतंत्र दिखाई देते हैं।पिता सबकी हिफाजत का जिम्मा उठाते-उठाते खुद की कीमत का अंदाजा लगाना भूल गए। सदियों से उन्हें समाज ने सख्त, खामोश, गुस्सैल मिजाज की छवि दे रखी है। नारियल से सख्त मिजाज वाले पिता भीतर से बेहद ही नरम होते हैं। उनकी इस तुनक मिजाजी शख्सियत को तोड़ने की हिमाकत खुद उन्होंने भी कभी न की शायद इसीलिए पिता का नाम आते ही ज्यादतर घरों में आज भी खामोशी छा जाती है और मां को इसके उलट हम पाते हैं। पिता होना यकीनन आसान नहीं। आधुनिक पिता के क्रान्तिकारी विचारों का उदाहरण है।





## केलो के अस्तित्व को बचाने एकजुट हुए शहरवासी

**रायगढ़।** जन जन के विश्वास और आराधना की देवी केलो मैया के अस्तित्व बचाने के प्रयासों की शुरुआत हो रही है रायगढ़ जिले के निवासी इसी मानसिकता में है कि वह अपने जिले की इस केलो नदी को संरक्षितएसुरक्षित और स्वच्छ देखना चाहते हैं। इसके लिए वह प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ रहे है। क्योंकि केलो है तो कल है को चरितार्थ कर सके।


रायगढ़ बचाओ लड़ेंगे रायगढ़ के आह्वान पर आयोजित इस कार्यक्रम में स्वस्फूर्त आमजन जुड़ा शनिवार सुबह 7 से ही पुराने स्टाप डैम के पास बच्चों, पुरुषों और महिलाओं का हजूम में एकत्रित होकर केलो है तो कल है के नारे लगा रहा था साथ में पोस्टरो में लिखा था कि केलो बचाओ और मत बेचो केलो का जल तरसेंगे आज नहीं तो कल के नारे लिखे थे यह नजारा केलो जल सत्याग्रह का था। उपस्थित लोगों ने रायगढ़ के पूर्व सांसद और वर्तमान में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम का ज्ञापन कलेक्टर, रायगढ़ के माध्यम से सौंपा जिसमें प्रेषित किया गया कि केलो नदी के उद्गम स्थल से समागम स्तल तक अनेकों कोयला खदान का अपशिष्ट उसके बाद उद्योगों का अपशिष्ट नालों के माध्यम से केलो नदी में आता है फिर इस नदी में फ्लाई ऐश का फेंकना जिसे रायगढ़ जिले का सिंचाई विभाग, केलो सर्वेक्षण विभाग, पर्यावरण विभाग अनदेखा कर रहा है वही जल विभा नगर निगम रायगढ़ के द्वारा इन सभी पर कार्रवाई के लिए जिला कलेक्टर को पत्र नहीं प्रेषित करना गंभीर पहलू है क्योंकि 17,18,19 मार्च को पंचधारी स्थित इंटेकवेल जिससे रायगढ़ शहर के निवासियों को पानी प्रदाय होता है को बंद कर करके दो दिन सैकड़ो कर्मचारियों ने सफाई की जिसके बाद पेयजल व्यवस्था बहाल हुई। नगर पालिका निगम रायगढ़ के अनेकों कचरा खाने केलो नदी के इर्द गिर्द है जिसका अपशिष्ट केलो नदी में प्रवाहित होता है। तो इन कचरा खाने को तत्काल नदी से दूर तथा शहर से बाहर स्थापित किया जाए। उपरोक्त कोयला खदानें का गंदा पानी, औद्योगिक अपशिष्ट और फ्लाई ऐश के कारण से जो नुकसान केलो मैया और नागरिकों को हुआ है उसके जांच के लिए तत्काल जांच समिति बनाई जाए।

## महिला यात्री का मोबाइल चोरी, अपराध दर्ज

**रायगढ़।** चलती ट्रेन में महिला यात्री का मोबाइल चोरी होने के मामले में जीआरपी ने अपराध दर्ज कर लिया है। इस संबंध में हीरा वर्मा पिता नारद साहू निवासी ग्राम भिलाई सुपेला बीते 3 मई को दुर्ग से बोकारो जाने के लिए पटना दुर्ग स्पेशल के बोगी नंबर एस 2 सीट नंबर 15 में सफर कर रही थी। ट्रेन जब रायगढ रेलवे स्टेशन से छूट रही थी, इसी बीच वह अपने मोबाइल को हाथ में रखी थी, तभी एक व्यक्ति खिड़की से उसके मोबाइल फोन को छीन कर फरार हो गया।

## चचेरी बहन से शादी करने से रोका, बेटे ने मां की ले ली जान

**रायगढ़।** जिले में एक मां को अपने पुत्र को चाचा की बेटी से शादी नही करने की समझाईश देना उस वक्त महंगा पड़ गया जब कलयुगी पुत्र ने अपने ही सगी मां की हत्या कर दी। मामला कापू थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कापू थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कुमरता चटटी पारा निवासी श्याम मांझी ने थाने में रिपोर्ट कराते हुए बताया कि एतवारी बाई मांझी को उसके ही बेटे सुरेश मांझी ने ब्लूटूथ बाजा एवं मिटटी के हंडी से सिर पर वार करते हुए मौत के घाट उतार दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक सुरेश मांझी अपने ही चाचा की बेटी से शादी करना चाहता था। इस दौरान मृतका ने कहा था कि चाचा की बेटी से शादी नही कर सकते है क्योंकि हम सभी एक ही खानदान के हैं।







15- JUN- RGH -BHOOMI-PG-2_Layout 1 6/15/2024 10:36 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### कथक नृत्य प्रतियोगिता में छात्राओं ने दी प्रस्तुति

**रायगढ़।** राष्ट्रीय कत्थक नृत्य प्रतियोगिता तारांगण का आयोजन प्रसिद्ध नृत्य संस्थांन कत्थक रॉकर्स के दवारा 6 से 7 जून को ओड़िसा के पुरी में किया गया था। जिसमे



मां वैष्णवी संगीत महाविद्यालय के विद्यार्थियों दवारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया एवम उच्च स्थान प्राप्त किए। इस प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 300 प्रतिभागियों ने भाग लिएए जो भारत के अलग अलग राज्यों जैसे छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उड़ीसा, कोलकाता, आसाम और भी अनेक राज्यों से प्रतियोगिता में बढ़.चढ़कर सम्मलित हुए प्रतियोगिता में माँ वैष्णवी संगीत महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रचार्य पंडित एलडी वैष्णव, उप प्राचार्य रूद्र प्रीति वैष्णव एवं गुरु प्रीति रूद्र वैष्णव के सानिध्य में अद्वितीय प्रस्तुति दे कर संसथान, रायगढ़ जिले एवं रायगढ़ कत्थक घराने का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में एकल कत्थक वर्ग में सौम्य नामदेव, प्राप्ति व्यास, लावण्या देशमुख अलीसु सिधार, एम्मा श्रुति कुजूर एवं यामी वैष्णव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और साथ ही साथ प्राप्ति और यामी ने आउटस्टैंडिंग परफॉरमेंस का ख़िताब भी हासिल किया। एकल कत्थक वर्ग में अदिति सुल्तानिया और अपेक्षा केशवानी ने द्वितीय स्थान एवं श्रेषा सूदन ने तृतीया स्थान प्राप्त किया।

### रायगढ़ लाईवलीहुड कॉलेज में निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत रायगढ़ जिले के लाईवलीहुड कॉलेज में संचालित प्रशिक्षण में इलेक्ट्रिशियन के लिए 10वीं उत्तीर्ण, सिलाई मशीन एवं प्लंबर हेतु 5वीं उत्तीर्ण एवं रिटेल सेल्स एसोसिएट कोर्स में 10वीं उत्तीर्ण आवेदकों के लिए निःशुल्क गैर अवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। प्रशिक्षण हेतु न्यूनतम आयु 18 से 40 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षण में प्रशिणार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इच्छुक युवक युवतियां लाईवलीहुड कॉलेज, केआईटी कॉलेज के पास, अग्रसेन आईटीआई के बगल में उड़ीसा रोड, गढ़उमरिया रायगढ़ में समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अथवा लाईवलीहुड कॉलेज रायगढ़ में दूरभाष नंबर 07762299505 एवं मोबाईल नं 9827911451, 7489603785 में संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### चोरी का फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुलिस चौकी खरसिया की टीम द्वारा हमलापारा खरसिया स्थित राजेश शर्मा के लकड़ी टाल ऑफिस से इनवर्टर, बैटरी, कैमरा की चोरी करने वाले आरोपी विकास यादव निवासी पुरानी बस्ती खरसिया को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। लकड़ी टाल ऑफिस में चोरी को लेकर 19 फरवरी को पुलिस चौकी खरसिया में राजेश शर्मा पिता स्व. लखपतराय शर्मा उम्र 58 साल निवासी हमालपारा खरसिया द्वारा आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 18 फरवरी के दरम्यानी रात किसी अज्ञात चोर द्वारा लकड़ी टाल ऑफिस का ताला तोड़कर ऑफिस से बैटरी, इन्वर्टर, कैमरा तथा नगदी रकम 5 हजार की चोरी कर ले गया है। पुलिस चौकी खरसिया में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 457, 380 आईपीसी के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दरमियान पुलिस ने टाल आफिस में चोरी करने वाले आरोपी लक्की भट्ट 19 साल, ओम केंवट 19 साल को गिरफ्तार कर किया गया। आरोपियों ने अपने साथी विकास यादव के साथ मिलकर चोरी करना बताएं। आरोपी लक्की भट्ट से बैटरी तथा ओम केंवट से इनवर्टर जप्त कर रिमांड पर भेजा गया था। आरोपी विकास यादव फरार था जिसे आज मुखबिर सूचना पर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से सोनी कंपनी का कैमरा कीमती 5 हजार का जप्त किया गया है। आरोपी विकास यादव बदमाश किस्म का युवक है जिसे खरसिया पुलिस द्वारा पूर्व में उद्यापन, लूट, लड़ाई झगड़ा मारपीट के अपराधों में चालान किया गया है।

### प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने दी मुखाग्नि

# सरगुजा राजपरिवार की सदस्य इंदिरा सिंह पंचतत्व में विलीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा राजपरिवार की सदस्य श्रीमती इंदिरा सिंह (बेबी राज) का शनिवार को निधन हो गया। वे लंबे समय से कैंसर की बीमारी से जूझ रही थी। इंदिरा सिंह के निधन से राज परिवार में शोक की लहर है। आज दोपहर कोठी घर के सामने मौजूद रानी तालाब के समीप उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सरगुजा महाराज व पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने उन्हें मुखाग्नि दी।

उनकी अंतिम यात्रा में सैकड़ों की संख्या में सरगुजा संभाग के प्रदेश के लोग शामिल हुए। इसके साथ ही उनकी अंतिम यात्रा में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शामिल हुए और अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दें कि सरगुजा राजपरिवार की सदस्य श्रीमती इंदिरा सिंह (बेबी राज) विगत छह माह से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही थी। श्रीमती इंदिरा सिंह का उपचार दिल्ली व मुंबई में चल रहा था। इस दौरान प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव स्वयं उनके साथ रहकर लगातार उपचार करा रहे थे। हालात में सुधार नहीं होने पर चिकित्सकों ने उन्हें वापस ले जाने की सलाह दी थी जिसके बाद 13 जून को मुंबई से उन्हें एयर एम्बुलेंस के जरिए अम्बिकापुर लाया गया था।

सरगुजा आने के बाद तपस्या स्थित निवास में चिकित्सकों की देख रेख में श्रीमती इंदिरा सिंह को रखा गया था। आज सुबह उनकी हालात बिगड़ गई और लगभग सुबह 8 बजे उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली।



बेबी राज के शव को कंधा देते पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव।



अंतिम संस्कार में शामिल पूर्व सीएम व अन्य।

#### पूर्व सीएम बघेल पहुंचे सरगुजा, दी श्रद्धांजलि

आज सरगुजा राज परिवार की सदस्य श्रीमती इंदिरा सिंह के निधन की जानकारी मिलने के बाद प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरगुजा पहुंचे। इस दौरान वे श्रीमती इंदिरा सिंह के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व सीएम श्री बघेल ने कहा कि मै उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि देता हूँ और ईश्वर परिवार को दुःख सहने की क्षमता प्रदान करें ऐसी कामना करता हूं। आज उनके अंतिम संस्कार में पूर्व सीएम के अलावा अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल व अन्य वरिष्ठ नेता भी शामिल हुए औरश्रद्धांजलि अर्पित की।

## जिले में 3 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में हर माह आ रही योजना की राशि

**रायगढ़।** राज्य शासन द्वारा 10 मार्च से प्रारंभ हुई योजना से आज रायगढ़ जिले की 3 लाख 6 हजार 299 महिलाएं लाभांवित हो रही हैं। महतारी वंदन योजना ने महिलाओं के आर्थिक सहायता के साथ ही सामाजिक न्याय और परिवार पोषण में सहयोग कर रही हैं। जिससे महिलाओं के आर्थिक व सामाजिक विकास के साथ बच्चों के पोषण स्तर में सुधार सुनिश्चित हो रही है।

उल्लेखनीय है कि महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार तथा परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ़ करने हेतु समाज में महिलाओं के प्रति भेदभावए असमानता एवं जागरूकता की कमी को दूर करने, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार करने तथा आर्थिक स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासन द्वारा छत्तीसगढ़ में श्महतारी वंदन योजनाू प्रारंभ किया गया है। जिसके अंतर्गत पात्र विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये की वित्तीय सहायता डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में प्रदाय की जा रही है।

महतारी वंदन योजना की लाभार्थी विकासखण्ड पुसौर की ग्राम आमापाली निवासी श्रीमती पुष्पा महंत बताती है कि पति मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। पति की मृत्यु के बाद घर की सारी जिम्मेदारी उन पर आ गई है। इनके दो पुत्री एवं एक पुत्र है जिसमें बड़ी बेटी मानसिक रूप से अस्वस्थ्य है जो कक्षा चौथी में पढ़ती है। दूसरी बेटी कक्षा दूसरी में पढ़ती है तथा सबसे छोटा बेटा 02 वर्ष का है। जिससे परिवार चलाना एवं इनके स्वास्थ्य और शिक्षा के संबंध में आर्थिक खर्चों का वहन करने में कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। लेकिन वर्तमान में महतारी वंदन योजना का लाभ मिलने से नियमित रूप से आर्थिक सहायता प्राप्त हो रही है। जिससे बच्चों का पालन पोषण एवं देखरेख करने में सक्षम हो गई है।



■ बच्चों के भविष्य को सुदृढ़ कर रही महतारी वंदन योजना

## सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप का प्रॉपर्टी मेला कल तक

**रायगढ़।** रियल स्टेट की अग्रणी कंपनी सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप ने अपने प्रोजेक्ट हर्षित लैंडमार्क, हर्ष भूमि, हर्षित गोल्ड सिटी में आकर्षक स्कीम का ऑफर पेश किए हैं। सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप के द्वारा रायगढ़ शहर में 15 जून से 17 जून तक होटल जिंदल रिजेंसी ढिमरापुर रोड कृष्णा कॉम्पलेक्स के सामने प्रॉपर्टी मेला का आयोजन किया जा रहा है।

**हर्षित लैंडमार्क में किफायती कीमत पर फ्लैटः** हीरापुर रोड रिंग रोड स्थित हर्षित लैंडमार्क में किफायती कीमत पर फ्लैट खरीदने का सुनहरा मौका है। आप अपने लिए किफायती कीमत पर 2, 3 बीएचके अपने बजट में फ्लैट्स खरीद सकते हैं। फ्लैट्स खरीदने पर सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप की ओर अपने ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर दिए जा रहे हैं। हर्षित लैंडमार्क में निवास करने वाले परिवारों के लिए 24 घंटे पानी की सुविधा, स्ट्रीटलाइट, प्राकृतिक हरियाली से भरे गार्डन , कवर्ड बाउंड्रीवॉल के साथ 24 घंटे सिक्यूरिटी की सुविधा दी जा रही है।

**हर्ष भूमि में निवेश के लिए सुनहरा अवसर** विधानसभा रोड में डोंडे के पास स्थित हर्ष भूमि में रेसिडेंशिल प्लॉट, हाउस, आदि उपलब्ध हैं। हर्ष भूमि में 800 से लेकर 1500 स्क्वायर फिट साइज के प्लाट उपलब्ध हैं। हर्ष भूमि में निवास करने वाले परिवारों के लिए 24 घंटे पानी की सुविधा, स्ट्रीटलाइट, प्राकृतिक हरियाली से भरे गार्डन, टेम्पल, स्वीमिंग पूल, गाजिबो, कवर्ड बाउंड्रीवॉल के साथ 24 घंटे सिक्यूरिटी की सुविधा दी जा रही है।

**हर्षित गोल्ड सिटी में 600 से 1700 स्क्वायर फिट साइज के प्लाट उपलब्धः** अगर आप खुद का बंगला बनाने के लिए प्लाट लेने चाहते हैं तो सिंघानिया बिल्डकॉन का हर्षित गोल्ड सिटी आपके लिए सही जगह है। हर्षित गोल्ड सिटी में सिंघानिया बिल्डकॉन की ओर से यहां प्लाट की बुकिंग करने पर अनेक आकर्षक छूट दिया जा रहा है। हर्षित गोल्ड सिटी में 600 से 1700 स्क्वायर फिट साइज के प्लाट उपलब्ध हैं। विधानसभा रोड में नरदहा के पास स्थित हर्षित गोल्ड सिटी में निवास करने वाले परिवारों के लिए 24 घंटे पानी की सुविधा, स्ट्रीटलाइट, प्राकृतिक हरियाली से भरे गार्डन, टेम्पल, स्वीमिंग पूल, गाजिबो, कवर्ड बाउंड्रीवॉल के साथ 24 घंटे सिक्यूरिटी की सुविधा दी जा रही है।




बिजनेस साइट

## परीक्षा में उपस्थित छात्र का एनयू ने रोका रिजल्ट

**बिलासपुर।** शहीद नंदकुमार पटेल यूनिवर्सिटी द्वारा बीएड द्वितीय वर्ष के एक छात्र का रिजल्ट रोके जाने का मामला सामने आया है, जबकि उक्त छात्र ने यूनिवर्सिटी को आवेदन देकर बताया है कि वह सभी परीक्षाओं में उपस्थित रहा है। बावजूद इसके उसका रिजल्ट रोक दिया गया है।

रायगढ़ के नंदकुमार पटेल यूनिवर्सिटी अंतर्गत ज्ञानोदय कॉलेज ऑफ एजुकेशन जांजगीर-चांपा जिला का छात्र सूर्यकांत गुप्ता बीएड द्वितीय वर्ष की सत्र 2022-23 की परीक्षा में शामिल हुआ था। लेकिन जब बीएड द्वितीय वर्ष का रायगढ़ यूनिवर्सिटी ने परीक्षा परिणाम घोषित किया तो पेडागागी ऑफ लैग्वेंज साइंस के सेकंड पेपर का अंक रिजल्ट में अंकित नहीं है, जिससे उसका रजिल्ट विथ हेल्ड हो गया है और परीक्षा परिणाम रोक दिया गया है। अपने परीक्षा परिणाम रोके जाने से परेशान होकर छात्र ने यूनिवर्सिटी को आवेदन दिया है जिसमें उसने बताया है कि वह बीएड द्वितीय वर्ष के सभी परीक्षा में उपस्थित था, इसलिए उसका रोके गए परीक्षा परिणाम जल्द से जल्द जारी किया जाए। आवेदन के साथ परीक्षा उपस्थिति पत्रक की कापी भी लगाया है। छात्र ने बताया कि वह लगातार यूनिवर्सिटी के अधिकारियों से संपर्क कर रहा है, लेकिन उसकी समस्या दूर नहीं की जा रही है, इससे उसके भविष्य पर खतरा मंडरा रहा है।

## नक्शा बटांकन के कार्य में लापरवाही, पटवारी निलंबित

**रायगढ़।** तहसील खरसिया के नक्शा बटांकन तथा अभिलेख शुद्धता कार्य में लापरवाही बरतने के कारण पटवारी गोविन्द सिदार को एसडीएम खरसिया द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन काल में निलंबित कर्मचारी का मुख्यालय कार्यालय तहसीलदार खरसिया निर्धारित किया गया है।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी रा खरसिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग रायपुर तथा कलेक्टर भू अभिलेख शाखा रायगढ़ के निर्देशानुसार ऑनलाईन भुईंया सॉफ्टवेयर में राजस्व अभिलेखों की शुद्धता एवं नक्शा बटांकन का कार्य मिशन मोड पर किया जा रहा है। गोविन्द सिदार पटवारी हल्का नंबर 35.बसनाझर तहसील खरसिया का नक्शा बटांकन तथा अभिलेख शुद्धता की प्रगति पटवारी की आयोजित साप्ताहिक बैठक में शून्य रही। जिस कारण संबंधित पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया, परंतु गोविन्द सिदार पटवारी तहसील खरसिया द्वारा निर्धारित समयावधि व्यतीत होने के पश्चात भी कारण बताओ नोटिस का जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। गोविन्द सिदार पटवारी ह नं 35 बसनाझर तहसील खरसिया का उपरोक्त कृत्य स्वेच्छाचारिता का स्पष्ट द्योतक है जो सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 क के प्रावधानों के विपरीत होने के कदाचरण की श्रेणी में आता है।






## खबर संक्षेप

### जिले की अंडर 19 बैडमिंटन टीम चयन प्रतियोगिता 17 से

**कोरबा।** आगामी दिनों में एक बार फिर विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ी चैंपियन बनने बैडमिंटन कोर्ट में जोर-आजमाइश करते दिखाई देंगे। इसी कड़ी में जिला बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में दो दिन बाद 17 जून को एरिना स्पोर्ट्स क्लब के कोर्ट में एक चयन स्पर्धा आयोजित की जा रही है। इस चयन स्पर्धा में अपना श्रेष्ठ प्रस्तुत करने वाले खिलाड़ी सूरजपुर में आयोजित होने वाले स्टेट टूर्नामेंट में कोरबा जिले का प्रतिनिधित्व करने चुने जाएंगे। चयन स्पर्धा के संबंध में कोरबा जिला बैडमिंटन एसोसिएशन ने खिलाड़ियों के लिए तय कार्यक्रम और दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।योनेक्स सनराइज 23वीं छत्तीसगढ़ राज्य बालक एवं बालिका (19 वर्ष से कम आयु वर्ग) बैडमिंटन प्रतियोगिता सूरजपुर में आयोजित होंगी। 24 से 28 जून के बीच होने वाली इस प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करने कोरबा के खिलाड़ियों की टीम का चयन किया जाना है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने कोरबा जिला बैडमिंटन संघ द्वारा नगर निगम कालोनी आवासीय परिसर स्थित एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना क्लब में चयन स्पर्धा आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के लिए निर्धारित आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों की चयन स्पर्धा एकल वर्ग में आयोजित होगी, जिसमें शामिल होने संबंधित खिलाड़ी अपनी प्रविष्टि संघ के सचिव के पास रविवार 16 जून की शाम 4 बजे तक प्रस्तुत कर सकेंगे। साथ ही उन्हें अपनी सीजीबीए आईडी, जन्मतिथि का प्रमाण भी जमा करने कहा गया है।

### विशाखापट्टनम की मैन्युफैक्चरिंग कंपनी में चुने गए केएन कॉलेज चार खिलाड़ी

**कोरबा।** चार होनहार विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा से जिले को गौरवान्वित किया है। उन्होंने उम्दा पढ़ाई कर न केवल सही राह बनाई, बड़ी कंपनी में अच्छी नौकरी प्राप्त कर अपने कॅरियर को उड़ान भी दिया है। इनमें केएन कॉलेज से अनमोल लांबा, अभिषेक शर्मा, शुभम शर्मा और चित्रांश शामिल हैं। इन सभी का चयन विशाखापट्टनम में स्थित त्रिवेणी सोलर ग्लास मैन्युफैक्चरिंग कंपनी में हुआ है। समिति के सचिव सुरेंद्र लाम्बा एवं सह सचिव उमेश लाम्बा ने बधाई देते हुए कहा कि कार्य के शुरुआती दिनों में आने वाली परेशानियों से घबराएं नहीं, अपितु उनका डटकर सामना करें। आत्मविश्वास बनाए रखें। अभी से आने वाली परेशानियों के लिए सशक्त रूप से तैयार रहें और अपने उज्जवल भविष्य के लिए मेहनत से आगे बढ़ते रहें। मुश्किलें ही हमें आगे बढ़ने की राह सुझाती हैं। जरुरत है उन सही रास्तों की पहचान कर चलते रहने की। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर ये विद्यार्थी कमला नेहरु महाविद्यालय और प्रदेश के लिए गौरव हैं।

### एसईसीएल कुसमुंडा ने जारी सूचना में कहा भूविस्थापित स्वयं होंगे जिम्मेदार

# जरूरी दस्तावेजों के साथ मुआवजा लेने आवेदन में देरी पर नौकरी की प्रक्रिया में होगा विलंब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



खदान प्रभावितों के जरूरी दस्तावेजों के साथ मुआवजा लेने आवेदन में देरी करने पर नौकरी की प्रक्रिया में भी विलंब होगा। एसईसीएल कुसमुंडा एरिया प्रबंधन ने पड़निया व रिसदी के प्रभावित खातेदारों को सूचना जारी कर कहा है कि इसके लिए भूविस्थापित स्वयं जिम्मेदार होंगे। दोनों ही गांव के प्रभावित खातेदारों का मुआवजा राशि तय कर दिया गया है।

एसईसीएल कुसमुंडा खदान का खोडरी, पाली, पड़निया, रिसदी की जमीन अधिग्रहित कर विस्तार किया जाएगा। एसईसीएल कुसमुंडा एरिया ने ग्राम रिसदी की 1 लाख 58 हजार 311 हेक्टेयर और पड़निया की 235.343 हेक्टेयर जमीन 29 मार्च 2010 के तहत जमीन का अर्जन कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन एवं विकास) से किया गया है। पड़निया में 651 खातेदार तो रिसदी में 398 खातेदारों का मुआवजा राशि स्वीकृत किया है। जरूरी दस्तावेजों के साथ एसईसीएल कुसमुंडा एरिया मुख्यालय में प्रभावित खातेदारों को आवेदन करना होगा। ताकि तय मुआवजा राशि का भुगतान एसईसीएल कर सके। यह देखने में आया है कि मुआवजा राशि के आहरण में भूविस्थापितों के द्वारा एरिया मुख्यालय पहुंचकर आवेदन करने में देरी की जाती है। इस पर संबंधित एरिया प्रबंधन ने प्रभावित खातेदारों को सूचना जारी कर कहा है कि प्रभावित खातेदारों को मुआवजा भुगतान व परिसंपत्तियों के सर्वेक्षण बाद एसईसीएल में रोजगार देने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। अगर प्रभावित खातेदार के मुआवजा लेने आवेदन करने में देरी किया जाता है तो नौकरी की प्रक्रिया में विलंब होने पर वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। प्रभावितों को तय समय पर मुआवजा राशि लेने कहा है।

#### जमीन अधिग्रहण नीति को सुधारे जाने कर चुके मांग

भूविस्थापितों ने जमीन अधिग्रहण नीति को सुधारे जाने की मांग कर चुके हैं। ताकि नियम व शर्तें बदलने पर छोटे खातेदारों को लाभ मिल सके। भूविस्थापित संगठनों के नेतृत्व में प्रभावितों ने कंपनी मुख्यालय के बाहर भी प्रदर्शन कर चुके हैं और कोल इंडिया के जमीन अर्जन की उस पॉलिसी को रद्द करने की मांग कर चुके हैं जिसमें छोटे खातेदार एसईसीएल में रोजगार पाने से छूट जाते हैं।

#### मुआवजा राशि में अंतर पर जता चुके हैं नाराजगी

मुआवजा राशि में अंतर पर भूविस्थापितों की नाराजगी सामने आ चुकी है। एसईसीएल कुसमुंडा के विस्तार से अधिग्रहित गांव पड़निया के नजदीक ही पाली गांव है। पाली के भूविस्थापितों ने पूर्व में यह कहकर नाराजगी जता चुके हैं कि उन्हें 10 साल पुराने बाजार दर पर मुआवजा दिया जा रहा है। बता दें कि घटते क्रम में सूची तैयार कर पात्र भूविस्थापितों को नौकरी मिलती है। इससे छोटे खातेदार नौकरी से वंचित हो जाते हैं। इनके मुआवजा राशि लेने समय रहते आवेदन नहीं करने से नौकरी की प्रक्रिया आगे बढ़ाने में विलंब होता है।

#### अंबिका प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने नौकरी देने की प्रक्रिया शुरू

पाली क्षेत्र के करतली में एसईसीएल कोरबा एरिया का अंबिका ओपन कास्ट परियोजना प्रस्तावित है। इससे प्रभावित खातेदारों को कोल कंपनी में नौकरी देने की प्रक्रिया शुरू कर दिया गया है। जिले की भूमिगत खदानें भी संचालित है जो कोरबा एरिया में है। अंबिका ओपन कास्ट परियोजना एसईसीएल कोरबा एरिया का मानिकपुर व सराईपाली के बाद तीसरी खुली खदान होगी।

# महिला के घर घुसकर सामूहिक दुष्कर्म, 6 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक महिला के घर में घुसकर पहले उसके देवर की बेरहमी से पिटाई की फिर 6 युवकों ने एक एक कर महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। महिला की शिकायत पर पुलिस तत्काल हरकत में आयी और महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाले 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत महिला ने थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसके घर पर 12 जून को उसका देवर चावल छोड़ने के लिए आया हुआ था। जो कि रात्रि होने के कारण घर पर ही रूका था कि रात्रि लगभग 10:30 से 11 बजे के मध्य अजय खैरवार, गुडुवा, गुलशन गिदौरे, गुलशन नटराज, राजेश, संदीप आये और घर के दरवाजे को खटखटाये तब महिला का देवर दरवाजा को खोला तब वे लोग उसके देवर को गाली गलौच करते हुए मारपीट करने लगे तथा उसका मोबाईल को छिन लिये तब महिला का देवर डरकर वहां से भाग गया। जिसके बाद उक्त युवकों द्वारा महिला के साथ भी मारपीट किया गया। जिसके बाद उक्त युवकों द्वारा महिला के साथ सामूहिक अनाचार की घटना को अंजाम दिया गया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने सभी आरोपी सिविल लाईन रामपुर थाना क्षेत्र निवासी राजेश कुमार गाडा उम्र 24 वर्ष पिता धनीराम गाडा, गुलशन गिदौरे पिता रामेश्वर गिदौरे, संदीप यादव उम्र 30 वर्ष पिता मोनू यादव, गुलशन नटराज उम्र 25 वर्ष पिता भागवत प्रसाद, अजय खैरवार उम्र 22 वर्ष पिता रमेश खैरवार, गुडवा उर्फ गुड्डू साहू उम्र 20 वर्ष पिता शिवाजी साहू के विरुद्ध धारा 294, 323, 506, 392, 376 (घ), 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

## सड़कों पर बेतरतीब गाड़ी खड़े करने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस ने छेड़ा अभियान

**कोरबा।** यातायात पुलिस द्वारा लगातार शहर की सड़कों पर बेतरतीब वाहन खड़ा करने वालों को समझाइश दी जाती है लेकिन इसके बाद भी लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। जिसके चलते देर शाम को शहर की यातायात व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए यातायात पुलिस ने फिर से अभियान छेड़ दिया है। बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात प्रभारी एएसआई मनोज राठौर उनकी टीम द्वारा शहर में फिर से शहर के विभिन्न मार्गों में बेतरतीब वाहन खड़ा करने वाले वाहन चालकों पर वाहन लॉक करने की कार्रवाई कर जुर्माना वसूल करने की जा रही है। जांच अधिकारी एएसआई श्री राठौर ने बताया कि शुक्रवार को शहर के अलग-अलग जोन में विशेष अभियान चलाया गया जहां बेतरतीब वाहन खड़ा करने वाले चालकों के वाहनों को लॉक किया गया और उनसे जुर्माना वसूली की कार्रवाई की गई है। शुक्रवार को एक दिन के भीतर ही शहर के अलग-अलग स्थान में लगभग दो दर्जन से अधिक चार पहिया वाहन में लॉक करने की कार्यवाही की गई है। पुलिस का कहना है कि अभियान अब निरंतर जारी रहेगा सड़क पर यदि कोई भी वाहन खड़ा करते पाया गया तो उसके खिलाफ तत्काल सख्ती से कार्यवाही की जाएगी।

## हाट बाजारों में घूम-घूम कर मोबाइल चोरी करने वाले झारखंडी गिरोह का पर्दाफाश

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा बाजारों एवं हटरी में मोबाइल की चोरी को रोकने एवं उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही के संबंध में दिये गये निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस चौहान व नेहा वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रविंद्र कुमार मीना एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा प्रतिभा मरकाम के मार्गदर्शन पर थाना क्षेत्र में बाजारों में मोबाइल फोन की चोरी के साथ साथ अवैध कारोबार करने वालों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में सायबर सेल कोरबा की टीम एवं सीएसईबी चौकी पुलिस को शहर में पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि तुलसीनगर कोरबा में सामुदायिक भवन के पास झारखण्ड राज्य से आये 2 युवक बहुत सारा पुराना मोबाईल फोन रखे हैं तथा बिक्री करने के लिये ग्राहक तलाश रहे हैं।

इस सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को तत्संबंध में अवगत कराकर आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त किया गया तथा मुखबिर के बताए अनुसार टीम सहित तुलसीनगर सामुदायिक भवन के पास घेराबंदी कर मुखबीर के बताए हुलिये के 2 युवकों को गिरफ्तार किया गया, जिन्होने पूछताछ पर अपना-अपना नाम महाराजपुर बाजार थाना तालझाड़ी जिला साहेबगंज (झारखण्ड) निवासी मनोरंजन कुमार मण्डल उम्र 24 साल पिता श्रीराम मण्डल एवं बाबुपुर थाना तीनपहाड़ जिला साहेबगंज (झारखण्ड) निवासी लोबिन कुमार महतो उम्र 28 साल पिता लक्ष्मीप्रसाद महतो बताया। जिनसे कोरबा आने जाने का कारण पूछने पर टाल मटोल करने लगे तथा कड़ाई से पूछताछ करने पर अपने गांव से आकर बाजारों में चोरी करना बताए। उनके द्वारा बुधवारी बाजार में मोबाईल चोरी करना बताए।




## खबर संक्षेप

### बटांकन में लापरवाही पटवारी निलंबित

**रायगढ़।** तहसील खरसिया के नक्शा बटांकन तथा अभिलेख शुद्धता कार्य में लापरवाही बरतने के कारण पटवारी गोविन्द सिदार को एसडीएम खरसिया द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन काल में निलंबित कर्मचारी का मुख्यालय कार्यालय तहसीलदार खरसिया निर्धारित किया गया है। कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी रा खरसिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग रायपुर तथा कलेक्टर भू अभिलेख शाखा रायगढ़ के निर्देशानुसार ऑनलाईन भुईंया सॉफ्टवेयर में राजस्व अभिलेखों की शुद्धता एवं नक्शा बटांकन का कार्य मिशन मोड पर किया जा रहा है। गोविन्द सिदार पटवारी हल्का नंबर 35.बसनाझर तहसील खरसिया का नक्शा बटांकन तथा अभिलेख शुद्धता की प्रगति पटवारी की आयोजित साप्ताहिक बैठक में शून्य रही। जिस कारण संबंधित पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया, परंतु गोविन्द सिदार पटवारी तहसील खरसिया द्वारा निर्धारित समयावधि व्यतीत होने के पश्चात भी कारण बताओ नोटिस का जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया।

### योग दिवस पर स्टेडियम में होगा कार्यक्रम

**रायगढ़।** 21 जून को 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन राज्य के समस्त जिलों में गरिमामय रूप से किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय सामान्य योग अभ्यास कार्यक्रम 21 जून को प्रातरू 7 बजे से रायगढ़ स्टेडियम ग्राउण्ड, बोईरदादर रायगढ़ में आयोजित होगा। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए कुशलता से निर्वहन करने के निर्देश दिए।

### प्लेसमेंट एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन 20 को

**रायगढ़।** भारत सरकार के निर्देशानुसार योग्य अभ्यर्थियों एवं युवाओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से प्लेसमेंट एवं अप्रेटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट का यह आयोजन 20 जून 2024, दिन गुरूवार को प्रातः 10 बजे से मेला स्थल पुराना हॉस्टल शास औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ में होगा। जिसमें विभिन्न कुल 607 रिक्तियों पर भर्ती की जाएगी। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए प्राचार्य सहायक शिक्षुता सलाहकार शास औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### पीडीएस दुकान के लिए होंगे आवेदन जमा

**रायगढ़।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत नगर निगम रायगढ़ अंतर्गत वार्ड क्रमांक.27 छोटे अतरमुड़ा में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु स्थानीय नगरीय निकाय, महिला स्व.सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य सहकारी समितियां, वन सुरक्षा समिति से आवेदन पत्र मंगाए गए है। इच्छुक संस्था अपने पंजीयन प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेजों के साथ 20 जून तक आवेदन पत्र कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा में जमा होंगे।

## कलेक्टर व एसपी ने लॉ एंड ऑर्डर को लेकर ली समीक्षा बैठक

# कानून व्यवस्था बनाए रखने में सशक्त सूचना तंत्र की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने में सूचना तंत्र और इंटेलीजेंस की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। राजस्व और पुलिस प्रशासन का अमला मैदानी स्तर पर अपने सूचना तंत्र को मजबूत रखें। ऐसी किसी भी सूचना या अफवाह पर नजर रखें जिससे शांति और कानून व्यवस्था बिगड़ सकती है और उस पर तत्काल एक्शन लें। यह बातें कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने अधिकारियों से कही। उन्होंने शुक्रवार की दोपहर कलेक्टोरेट के सभा कक्ष में लॉ एंड ऑर्डर को लेकर समीक्षा बैठक ली। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल भी बैठक में शामिल हुए।



समीक्षा बैठक लेते कलेक्टर व एसपी तथा बैठक में शामिल अधिकारी।

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि असामाजिक तत्वों और अशांति फैलाने वाले लोगों की पहचान कर किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि में लिप्त होने पर कार्यवाही करें। हर ग्राम स्तर पर सूचना तंत्र मजबूत रखें। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने थाना स्तर पर भी अपने क्षेत्र से संबंधित इलाकों की जानकारी अपडेट रखने के निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध में अविलंब कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफार्म में अपुष्ट सूचनाओं और फेक न्यूज पर नजर रखने और सही तथ्यों के साथ जानकारी प्रसारित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि विस्फोटकों का भंडारण मापदंडों के अनुसार होना चाहिए व सभी सुरक्षा मानकों का पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी एसडीएम से कहा कि अपने क्षेत्र में विस्फोटकों के भंडारण की मौका मुआयना कर जांच करें। औद्योगिक क्षेत्रों में उपयोग किए जाने वाले विस्फोटक के भंडारण के संबंध में अपडेटेड जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने अस्पतालों में फायर सेफ्टी के संबंध में जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि अस्पतालों में फायर एक्सटिंग्विशर लगाए गए हैं। कलेक्टर श्री गोयल ने इसके साथ आग बुझाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था रखे जाने के संबंध में हॉस्पिटल स्टाफ को निर्देशित करने के लिए कहा। आईपीडी में इलाज के दौरान मरीज की निजता भंग न हो इसके लिए कैमरे के उपयोग पर रोक लगाने संबंधी शासन स्तर से जारी निर्देश के कड़ाई से पालन के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने डीजे, लाउड स्पीकर व ध्वनि विस्तारक यंत्रों के लिए तय ध्वनि सीमा और 10 बजे के बाद उपयोग नहीं किए जाने और अन्य गाइडलाइंस के अनुसार ही उपयोग हो यह सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने साइलेंस जोन में यंत्रों के उपयोग में सावधानी बरतने को लेकर डीजे संचालकों को जागरूक करने के लिए कहा। दिशा निर्देशों के उल्लंघन की शिकायत के लिए हेल्प लाइन नंबर जारी करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बाहर से आए श्रमिकों और किरायेदारों के नियमित वेरिफिकेशन के भी निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, एडीएम सुश्री संतन देवी जांगडे, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम सुनील चंद्रवंशी सहित सभी एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, थाना प्रभारी सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी बैठक में उपस्थित हुए।

### मादक पदार्थों पर कार्रवाई के निर्देश

कलेक्टर श्री गोयल ने अवैध शराब और मादक पदार्थों की तस्करीए नशीली दवाओं की अवैध बिक्री पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए कहा। उन्हें विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नशे के विरुद्ध कार्यवाही में भी सूचना तंत्र की अहम भूमिका है। आबकारी और खाद्य और औषधि प्रशासन पुलिस विभाग के साथ साझा रूप से इसमें कार्यवाही करें। समीक्षा के दौरान आबकारी विभाग से की गई कार्यवाही का अपडेट लिया। उन्होंने कहा कि आबकारी विभाग मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्यवाही बढ़ाए। पुलिस विभाग के साथ फील्ड में संयुक्त कार्यवाही करें। उन्होंने नशीली दवाओं के विरुद्ध ड्रग इंस्पेक्टर को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।

### सड़कों में वाहन पार्किंग पर करें कार्रवाई

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि रायगढ़ जिले में उद्योगों की बहुलता के कारण सड़क पर भारी वाहनों की काफी आवाजाही होती है। देखने में ये आता है कि उद्योगों में लोडिंग.अनलोडिंग के लिए पहुंचे वाहन मुख्य सड़क पर पार्क कर दिए जाते हैं। इससे ट्रैफिक जाम के साथ दुर्घटनाओं की संभावनाएं बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि वाहनों को उद्योग परिसर के भीतर ही पार्क करना है। बाहर गाड़ी खड़ा करने पर कार्यवाही होनी चाहिए। आरटीओ पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी इस पर विशेष रुपबाई ध्यान दें।

## 5 हजार हेलमेट वितरण का है लक्ष्य



# हेलमेट को समझें शरीर का अंगः ओपी चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

यातायात जागरूकता को लेकर जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस बिना हेलमेट वाहन चालकों का मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई कर हेलमेट का वितरण किया जा रहा है। शनिवार की सुबह छातामुड़ा चौक में आयोजित हेलमेट वितरण कार्यक्रम में प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी शामिल हुए।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल व पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि सड़क में दोपहिया चलाते हुए हेलमेट का उपयोग किए जाने का महत्व हम सभी को पता है। सड़क दुर्घटनाओं में बिना हेलमेट के गाड़ी चलाना लोगों के जान जाने का बड़ा कारण है। लेकिन अधिकांश लोग इसको नजरंदाज कर देते हैं। जब तक स्वयं पर विपदा नहीं आती तब तक मामले की गंभीरता नही समझने की प्रवृत्ति छोडऩी चाहिए। परिवार में किसी की भी असमय मृत्यु से पूरा परिवार बुरी तरह से प्रभावित होता है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि अपनी सुरक्षा और अपने परिवारए समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझे गाड़ी चलाते समय हेलमेट जरूर पहने। ट्रैफिक नियमों का पालन जरूर करें। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के नेतृत्व में रायगढ़ पुलिस का 5 हजार हेलमेट वितरण का यह अभियान समाज में सड़क सुरक्षा का महत्वपूर्ण संदेश दे रहा है। हमें हेलमेट के उपयोग को सामाजिक जिम्मेदारी समझ कर सभी के द्वारा इसके उपयोग को बढ़ावा देने की जरूरत है। जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे हैं विशेष अभियान को लेकर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में हो रही अधिकांश मौतें दुपहिया वाहन के चालक द्वारा हेलमेट नहीं पहनने के कारण हुई है।

जिला पुलिस सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर को कम करने तथा लोगों को हेलमेट के प्रति जागरूक करने नियमानुसार चालानी कार्यवाही कर हेलमेट का वितरण किया जा रहा है, जिला पुलिस का लक्ष्य 5 हजार से अधिक व्यक्तियों को हेलमेट वितरण करना है।

# घरघोड़ा क्षेत्र में ब्लैक आउट, कई पेड़, बिजली के खंभे हुए धराशायी

**रायगढ़।** गुरुवार शाम को चली आधे घंटे की आंधी ने जिलेभर की बिजली व्यवस्था को चौपट कर दिया था। हालांकि शहर में तो देर रात तक लाईट चालू हो गया, लेकिन घरघोड़ा क्षेत्र में अंधड़ के चलते आधा दर्जन से अधिक बिजली खंभा टूट गए तो वहीं दर्जनभर से अधिक पेड़ गिरने से शुक्रवार को शाम 26 घंटा बाद सिर्फ शहरी क्षेत्र का ही बिजली व्यवस्था बहाल हो सका। इसको लेकर स्थानीय लोगों ने शनिवार को विरोध.प्रदर्शन करने की तैयारी कर ली है।

उल्लेखनीय है कि गुरुवार को पूरे दिन तेज धूप व भीषण गर्मी से लोग पूरे दिन हलाकान रहे तो वहीं शाम करीब 6.30 बजे अचानक मौसम में बदलाव हुआ और तेज अंधड़ शुरू हो गयाए जो करीब आधे घंटे तक चला। जिसके चलते शहर सहित जिलेभर की बिजली व्यवस्था को चौपट कर दिया था। हालांकि इस दौरान रायगढ़ शहर में देर रात तक मेंटनेंस होने के बाद बिजली व्यवस्था बहाल हो गई थी, लेकिन घरघोड़ा क्षेत्र में इस अंधड़ ने जमकर तबाही मचाया, जिससे जहां आधा दर्जन से अधिक बिजली खंभा



टूट गए तो वहीं करीब दर्जनभर से अधिक स्थानों पर पेड़ गिरने से काफी मात्रा में बिजली तार भी क्षतिग्रस्त हो गया था। इस दौरान विद्युतकर्मियों द्वारा रात में बिजली व्यवस्था बहाल करने के लिए काफी मशक्कत किया लेकिन 33 केवी के खंभा टूटने के चलते सफलता नहीं मिल सकी। ऐसे में शुक्रवार को सुबह से ही कर्मचारी सुधार कार्य में जुट गए थेए इसके बाद भी देरशाम तक सिर्फ शहरी क्षेत्र का ही बिजली व्यवस्था चालू हो सका। इस संबंध में स्थानीय घरघोड़ा ब्लाक के ग्राम बैहामुड़ा के ग्रामीणों ने बताया कि काफी साल बाद इस तरह का अंधड़ आया था।

### खदान के भीतर दुर्घटना में वृद्ध की गई जान

**रायगढ।** घरघोड़ा थाना अंतर्गत महालक्ष्मी ट्रांसपोर्ट के वाहन ने शुक्रवार को एक वृद्ध को अपने चपेट में ले लिया वाहन के पहिए के नीचे आकर बुजुर्ग की मौत होने की खबर सामने आई। सूचना मिलते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन शुरु कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार एसईसीएल बरौद खदान के अंदर चलने वाली महालक्ष्मी ट्रांसपोर्ट की गाडी ट्रेलर के चक्के के नीचे दबकर बुजुर्ग फिर सिंह राठिया निवासी फागुरम की मौके पर मौत हो गई। बुजुर्ग की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने उचित मुआवजा की मांग को लेकर खदान बंद करते हुए चक्का जाम प्रदर्शन शुरु कर दिया। जिसके बाद घरघोड़ा पुलिस मौके पर पहुँची और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाईश देने का प्रयास किया।

## एसपी बंगले के सामने तलवार लेकर घूमते दिखे बदमाश

**रायगढ़।** सोशल मीडिया में एक ऐसा वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ युवक हाथ में तलवार और हॉकी स्टिक लिए हुए सड़क पर खुलेआम गुंडागर्दी कर रहे हैं।

इस वीडियो में चौंकाने वाली बात यह है कि यह सब कुछ स्टेशन रोड रायगढ़ एसपी ऑफिस के मात्र 20 कदम की दूरी और मंत्री ओपी चौधरी के कार्यालय से 50 कदम की दूरी पर हुआ है और बगल में कांग्रेस पार्टी का कार्यालय भी है। यह वीडियो कल शाम 4.30 बजे का है। जहां स्टेशन रोड चालू सड़क पर एक एसपी बांग्ला के पास आधा दर्जन युवक हाथ में हॉकी स्टिक और नंगी तलवार लेकर धमकी चमकी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। आने जाने वाले लोग दहशत में सिर्फ देखकर निकल जाना ही उचित समझा रहे थे।



### कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़ा मोबाइल चोर

**रायगढ़।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पचधारी डेम में मोबाइल की चोरी करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी से कुल 3 मोबाइल बरामद कर जब्त किए गए है। पुलिस द्वारा प्रतिबंधित एनीकट पंचधारी डेम के पास स्कूटी से मोबाइल चुराने वाले युवक को चोरी की मोबाइल बेचने ग्राहक तलाश करते समय पकड़ा गया है। मोबाइल चोरी को लेकर कल 13 जून को थाना कोतवाली में सिंचाई कॉलोनी लोचन नगर में रहने वाले करण मरावी उम्र 19 साल द्वारा आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11 जून को अपने साथी अंकुर निषाद रूपेंद्र सिदार के साथ पंचधारी डेम नहाने गया था। तीनों ने अपने मोबाइल और पर्स को स्कूटी के डिक्की में रखकर नहाने गए वापस आकर देखे तो डिक्की तोड़कर कोई अज्ञात चोर डिक्की में रख दो पर्स और तीन मोबाइल को चोरी कर ले गया था। थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपी पर धारा 379 आईपीसी के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था।

### खरसिया नगर पालिका में जलापूर्ति बाधित बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे वार्डवासी

**रायगढ़।** खरसिया नगर पालिका स्थित समस्त वार्डों के रहवासी भीषण जल संकट से जूझ रहे हैं। वार्डों में जलापूर्ति बाधित है, जिसकी वजह से वार्डवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर वासियों को हो रही समस्या को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी खरसिया के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से मुलाकात की एवं आवेदन के माध्यम से समस्याओं का तत्काल निराकरण हेतु निवेदन किया गया। वहीं 5 दिन के अंदर में तत्काल समस्या को समाधान करने की मांग की गई। इस संबंध में भाजपाईयों ने बताया कि नगर पालिका द्वारा सभी नगर वासियों से जलकर सहित अन्य कर लिया जाता है तो पेयजल उपलब्ध करवाने की जवाबदारी भी नगर पालिका की ही है। अगर 5 दिन के अंदर समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता है तो ऐसी स्थिति में वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जल संकट को लेकर सबसे विकराल समस्या पेजजल की है। जिसमें मुख्य रूप से पुरानी बस्ती वार्ड क्रमांक 6, 7, 8, 9 एवं ठाकुर दिया वार्ड क्रमांक 17, 18 एवं संजय नगर वार्ड क्रमांक 15 एवं वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4 में पानी की विकराल समस्या बनी हुई है। जिसका नगर पालिका द्वारा बोर पंप का सही समय में बिगड़े हुए पंपों को नहीं बनाया जाता है एवं टैंकर द्वारा पानी की सप्लाई ठीक ढंग से नहीं की जा रही है।

### एसडीएम अचानक पहुंची खरसिया नगर पालिका, निरीक्षण के बाद साथ ले गईं फाइल

**रायगढ।** खरसिया नगर पालिका के व्यवस्था को सुधारने के लिए प्रशासन सख्त हो गया है। गुरुवार को एसडीएम ने नपा कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और हाजिरी रजिस्टर को साथ ले गई। जिले में सबसे ज्यादा भ्रष्ट संस्थानों में से एक नगर पालिका खरसिया है। बीते पांच सालों में यहां कई अनोखे घपले हुए हैं। काम का पता नहीं और राशि निकाल ली गई। शहर विकास पर ध्यान ही नहीं दिया गया। कर्मचारी भी स्वच्छंद हो गए थे। सप्ताह में पांच दिन वर्किंग के नियम के बाद प्रतिदिन दस बजे से दफ्तर का समय हो गया है, लेकिन नपा खरसिया में कई कर्मचारी समय पर कार्यालय नहीं आते। कई बार इसकी शिकायत हुई तो कलेक्टर ने इसमें जांच के लिए कहा। गुरुवार को एसडीएम प्रियंका वर्मा ने नपा खरसिया कार्यालय में सुबह करीब दस साढ़े दस बजे औचक निरीक्षण किया। कई कर्मचारी कार्यालय नहीं पहुंचे थे। एसडीएम ने हाजिरी रजिस्टर अपने कब्जे में लिया।

### घरघोड़ा एसडीएम ने आरआई पटवारियों की ली समीक्षा बैठक

**तमनार।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घरघोड़ा की अध्यक्षता में तहसील तमनार में गुरूवार को राजस्व निरीक्षक पटवारियों की समीक्षा बैठक ली गई जिसमें सीमांकन और नक्शा नक्शा बतांकन जैसे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए गए साथ ही अविवादित नामांतरण, बटवारा, अभिलेख शुद्धता एडिजिटल हस्ताक्षर आधार सीडिंग एइत्यादि कार्यों की समीक्षा की गई और समयसीमा को ध्यान में रखते हुए सभी कार्यों में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया आगामी बारिश के मद्देनजर सभी को मेघदूत और दामिनी एप अपने मोबाइल पर डाउनलोड करने तथा ग्रामीणों में भी इनके प्रति जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए गए ताकि बिजली गिरने और बारिश का पूर्वानुमान लगाया जाकर आपदा से बचा जा सके।

